**प्रेस विज्ञप्ति**

# गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
# पन्तनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

**विश्वविद्यालय विद्यार्थियों का नामी कम्पनी में चयन**

पंतनगर। 21 दिसम्बर 2023। विश्वविद्यालय के सेवायोजन एवं परामर्श निदेशालय में विभिन्न नामी कम्पनियों द्वारा साक्षात्कार के आधार पर विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों का चयन किया गया, जिनमें क्रमशः मैसर्स सीएनएच लिमिटेड कम्पनी द्वारा बी.टेक. (एग्रीकल्चर इंजीनियरिंग) के चार विद्यार्थियों, दीया उप्रेती, नंदिनी मिश्रा, गीतिका रौतेला एवं भारती देवी ठाकुर तथा मै. लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के दो विद्यार्थी वरिजा पांडे एवं योगेश गैरोला तथा सिविल इंजीनियरिंग की खुशबू तिवारी एवं का चयन किया गया। मैसर्स सीएनएच लिमिटेड कम्पनी द्वारा विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रु. 7 लाख एवं मै. लार्सन एंड टुब्रो लिमिटेड द्वारा 6.57 लाख प्रतिवर्ष देय होगा। इसी क्रम में उत्तराखंड सहकारी डेयरी फेडरेशन लिमिटेड द्वारा साक्षात्कार के आधार पर बी.वी.एससी एवं ए.एच. के चार विद्यार्थियों दीक्षा उप्रेती, योगेश पल्याल, उन्नति चौहान एवं मंशी खुल्बे का चयन किया गया। चयनित विद्यार्थियों को प्रशिक्षण के उपरान्त लगभग पैकेज रु. 50 हजार प्रतिमाह देय होगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान ने चयनित विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए शुभकामनाएं दीं। निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श डा. के.पी. रावेरकर एवं सह निदेशक डा. गीता पाठक ने भी सफल विद्यार्थियों को बधाई दीं।






*चयनित विद्यार्थियों के साथ निदेशक, सेवायोजन एवं परामर्श डा. के.पी. रावेरकर।*